केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/सत्यापन/मणिपुर/2023 **23.05.2023**

सूचना

मणिपुर राज्य में दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन, फोटोकॉपी और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया

यह सूचना उपर्युक्त प्रक्रियाओं पर दिनांक 12.05.2023 के नोटिस संख्या सीबीएसई/समन्वय/सत्यापन/कक्षा-X/2023 के क्रम में है। सीबीएसई ने उपर्युक्त प्रक्रिया 16.05.2023 से शुरू कर दी है। हालाँकि, मणिपुर राज्य में इंटरनेट सेवाएं न चलने के कारण छात्र ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सके हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि मणिपुर के छात्र उपर्युक्त सुविधाओं का उपयोग कर सकें, सीबीएसई से संबद्ध और मणिपुर में स्थित सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को (छात्रों के) नाम, अनुक्रमांक और उस विषय/ उन विषयों के बारे में क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी को सूचित करने का निर्देश दिया जाता है, जिनमें उनके स्कूल का कोई भी विद्यार्थी अंकों के सत्यापन की सुविधा का लाभ उठाना चाहता है। यह सूची क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी को उपलब्ध माध्यमों से 26.05.2023 तक दी जानी चाहिए। स्कूल आवश्यक शुल्क जमा करेंगे और जैसे ही बैंक पुन: खुलेंगे, इसे क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी को भेजेंगे।

यह आशा की जाती है कि मणिपुर में जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी और छात्र फोटोकॉपी और पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हालाँकि, यदि इंटरनेट सेवाएं बहाल नहीं की जाती हैं, तो स्कूल इसी तरह की कार्रवाई करेंगे और दिनांक 12.05.2023 के परिपत्र द्वारा पहले ही सूचित अनुसूची के अनुसार फोटोकॉपी प्रदान करने के लिए और तत्पश्चात पुनर्मूल्यांकन के लिए छात्रों के नाम और विषयों की पुष्टि करेंगे। शुल्क भी छात्रों से एकत्र किया जाएगा और ऊपर दिए गए विवरण के अनुसार जमा किया जाएगा।

सभी स्कूलों से अनुरोध किया जाता है कि वे तुरंत कार्रवाई करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी इच्छुक छात्र इन सुविधाओं का लाभ उठाए बिना न रह जाए।

हस्ता./-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि: वेब-एडमिन को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।